नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 18.12.2020

**●नगर आयुक्त महोदय द्वारा विशेष एतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलो को चिन्हित करने, उनके बारे में जन सामान्य को जानकरी एवं सौन्दर्यीकरण करते हुये इनके महत्व को पुनः स्थापित करने हेतु हेरिटेज सेल का गठन किया गया।**

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम शाहजहाँपुर के क्षेत्रांतर्गत प्राचीन छोटे–छोटे स्थल विद्यमान तथा विशेष एतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलो की सुरक्षा हेतु उपनगर आयुक्त की अध्यक्षता में हेरिटेज सेल की स्थापना की गई है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस बात पर चिन्ता की गई कि ऐतिहासिक स्थलो का महत्व, रख–रखाव के अभाव एवं उपेक्षित होने के कारण समाप्त होता जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करने, उनके बारे में जन सामान्य को जानकरी एवं सौन्दर्यीकरण करते हुये इन स्थलों के महत्व को पुनः स्थापित करने हेतु हेरिटेज सेल का गठन किया गया है। इस समिति में श्री अशुताष कुमार दुबे, उप नगर आयुक्त ,अध्यक्ष श्री अंगद गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त, सदस्य श्री पी0के0सिंह,सहायक अभियन्ता(जल),सदस्य, श्रो विक्रमाजीत यादव,अवर अभियन्ता(सिविल),सदस्य,श्री विजय शुक्ला, ड्राफ्ट मैन,सदस्य,श्री अनिल कुमार, रस्तोगी भूमि लिपिक,सदस्य नामित किया गया है।

नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि समिति उक्तानुसार स्थलों को चिन्हित करते हुये उनका निरीक्षण करें तथा उन स्थलों को उनके स्वरूप में बिना परिवर्तन किये सौन्दर्यीकरण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करे। यह समिति उन स्थलों के महत्व को सर्वसामान्य को अवगत कराने हेतु एक आलेख भी प्रस्तुत करेंगी।

उप नगर आयुक्त<br>
नगर निगम,शाहजहाँपुर।